## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) 'रुंडित पर्वत-स्कन्ध' क्या होते हैं ? ये कहाँ और कैसे बनते हैं ?

What are 'truncated spurs' ? Where and how are they formed ? *10*

(b) शीतोष्ण चक्रवात का निर्माण फैलाव अक्ष की स्थिति पर निर्भर करता है। स्पष्ट कीजिए।

Formation of temperate cyclone depends on the condition of axis of dilation. Elucidate. *10*

(c) उपयुक्त उदाहरणों सहित समुद्र-स्तर में परिवर्तन लाने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

With suitable examples explain the factors causing sea level changes. *10*

(d) ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में सामाजिक वानिकी के प्रभावों का परीक्षण कीजिए।

Examine the impacts of social forestry in socio-economic transformation of rural areas. *10*

(e) पर्वतीय क्षेत्र पारिस्थितिकी परिवर्तनों के प्रति अधिक भंगुर हैं। स्पष्ट कीजिए।

Mountain regions are more fragile to ecological changes. Elucidate. *10*

**Q2.** (a) पर्वत निर्माणकारी प्रक्रिया के नवीनतम दृष्टिकोणों का परीक्षण कीजिए तथा विश्व के पर्वतों को उनकी उत्पत्ति के आधार पर विभाजित कीजिए।

Examine the recent views on mountain building process and divide the world mountains on the basis of their genesis. *20*

(b) विश्व जलवायु के कोपेन के वर्गीकरण के अक्षांशीय वितरण का वर्णन कीजिए।

Describe latitudinal distribution of Köppen's classification of world climate. *15*

(c) हिन्द महासागर की तलीय स्थलाकृति को उपयुक्त रेखाचित्रों द्वारा विस्तार से समझाइए।

With suitable sketches elaborate the bottom topography of the Indian Ocean. *15*

**Q3.** (a) वायु संहतियाँ (राशियाँ) एवं संबंधित मौसम गतिकी की व्याख्या कीजिए। वायु संहतियाँ (राशियाँ) किस प्रकार उत्तरी गोलार्ध के मौसम हालात को प्रभावित करती हैं ?

Explain air masses and associated weather dynamics. How do air masses influence the weather conditions of the Northern Hemisphere ? *20*

(b) "मृदा अपरदन रेंगती हुई मौत है।" कथन की व्याख्या करते हुए, मृदा संरक्षण के विभिन्न उपायों को सुझाइए।

"Soil erosion is creeping death." Explaining the statement, suggest various soil conservation measures. *15*

(c) अनुभूति, अभिवृत्ति, महत्त्व एवं भावना (पी.ए.वी.ई.), जैव-विविधता एवं सतत पर्यावरणीय संरक्षण के महत्त्वपूर्ण अवयव हैं। विस्तार से समझाइए।

Perception, Attitude, Value and Emotion (PAVE) are important components for biodiversity and sustainable environmental conservation. Elaborate. *15*

**Q4.** (a) भविष्य में पर्यावरणीय संरक्षण के लिए कार्बन तटस्थता कैसे आवश्यक है ? इसके संबंध में राष्ट्रों द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों का वर्णन कीजिए।

How is carbon neutrality essential for future environmental conservation ? Describe various efforts taken by nations in this regard. *20*

(b) याज़ू धारा किसे कहते हैं ? याज़ू द्रोणी बार-बार बाढ़ के क्षेत्र क्यों हैं ? विश्व के विभिन्न भागों से याज़ू धारा/क्षेत्रों के उदाहरण दीजिए।

What is a Yazoo stream ? Why are Yazoo basins the areas of repeated flooding ? Give examples of Yazoo stream/areas from various parts of the world. *15*

(c) "प्रजातियों की समृद्धि में अक्षांशीय प्रवणता, जैव-विविधता में एक महत्त्वपूर्ण भौगोलिक प्रवृत्ति है।" कथन का परीक्षण कीजिए।

"The latitudinal gradient in species richness is an important geographic trend in biodiversity." Examine the statement. *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) मानव भूगोल के विकास में व्यवहारपरक उपागम के महत्त्व का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the significance of Behavioural Approach in the development of human geography. *10*

(b) "हालाँकि जल संसाधनों की कमी स्थानीय स्तर पर महसूस होती है, परन्तु इसके कारण तेज़ी से वैश्विक होते जा रहे हैं।" टिप्पणी कीजिए।

"While scarcity of water resources are felt locally, but its causes are increasingly global." Comment. *10*

(c) महानगरों के आर्थिक मूल के रूप में केन्द्रीय व्यापार क्षेत्र (सी.बी.डी.) पतन में हैं। आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Central Business Districts (CBDs) are in decline as the economic core of metropolitan cities. Critically examine. *10*

(d) लिंग-संवेदनशील प्रादेशिक विकास की आवश्यकता है। विस्तार से समझाइए।

There is a need for gender-sensitive regional development. Elaborate. *10*

(e) रोस्टोव मॉडल द्वारा प्रस्तावित आर्थिक वृद्धि के सैद्धांतिक ढाँचे एवं चरणों की व्याख्या कीजिए।

Explain the theoretical framework and stages of economic growth proposed by Rostow's model. *10*

**Q6.** (a) शहरीकरण की प्रक्रिया विशेष रूप से एशिया एवं अफ्रीका में स्पष्ट है, जहाँ बहुतायत में शहरी निवासी अत्यधिक ग़रीबी, बहिष्कार, अतिसंवेदनशीलता एवं हाशिए पर रहने से जूझ रहे हैं। चर्चा कीजिए।

The urbanisation process is particularly pronounced in Asia and Africa, where too many urban residents grapple with extreme poverty, exclusion, vulnerability and marginalisation. Discuss. *20*

(b) स्पष्ट कीजिए कि भौगोलिक स्थान के भौतिक दृश्य ने किस प्रकार से स्थानिक विश्लेषण के प्रारूपों को प्रभावित किया है।

Explain how the physical view of geographical space has impacted the forms of spatial analysis. *15*

(c) विश्व के समकालीन भू-राजनीतिक परिदृश्य के संदर्भ में हृदय-स्थल (हॉर्टलैण्ड) सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।

Explain the Heartland theory with reference to contemporary geopolitical scenario of the world. *15*

**Q7.** (a) डी. ह्विटलेसी के विश्व कृषि प्रदेशों के वर्गीकरण के आधार की व्याख्या कीजिए।

Explain the basis of D. Whittlesey's classification of agricultural regions of the world. *20*

(b) पारराष्ट्रीयता क्या है ? हाल की अवधि में प्रवासियों के पारराष्ट्रीय संबंधों का पैमाना एवं दायरा क्यों अत्यधिक बढ़ गया है ?

What is Transnationalism ? Why has the scale and scope of transnational linkages of diaspora multiplied in recent times ? *15*

(c) विकासात्मक योजना के लिए प्रदेशों के चयन में अपेक्षित मानदण्डों का आकलन कीजिए।

Assess the criteria required for selecting regions for developmental planning. *15*

**Q8.** (a) पूरक प्रदेश क्या है ? अधिवासों के पदानुक्रम के संदर्भ में, क्रिस्टालर द्वारा प्रतिपादित विभिन्न प्रकार के पूरक प्रदेशों का वर्णन कीजिए।

What is complementary region ? With reference to hierarchy of settlements, describe the different types of complementary regions as proposed by Christaller. *20*

(b) विश्व में सेमीकन्डक्टर के विनिर्माण में स्थानिक परिवर्तनों एवं उभरते प्रतिरूपों का विश्लेषण कीजिए।

Analyse the spatial changes and emerging patterns of semiconductor manufacturing in the world. *15*

(c) "विकसित देशों में आने वाले कुछ दशकों तक जनसंख्या गतिकी में प्रजनन के बजाय प्रवास मुख्य चालक होगा।" कथन का परीक्षण कीजिए।

"In developed countries, migration rather than fertility will be the main driver of population dynamics over the next few decades." Examine the statement. *15*

LUKMAAN IAS
...Celebrating 15 years of its establishment